# SRI GURU TEGH BAHADUR SAHIB JI GOVERNMENT POLYTECHNIC. AMBALA CITY

## ( रिक्त सीटों हेतु प्रवेश सूचना )

| **व्यक्तिगत रूप से आवेदन फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि** | **17.07.2026 (शुक्रवार) सायं 4 बजे तक** |
|---|---|

श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी राजकीय बहुतकनीकी, अंबाला शहर में तीन वर्षीय डिप्लोमा इंजी. एवं डिप्लोमा इंजी. (लेटरल एंट्री) पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों को भरने के लिए, संस्थान स्तर की दूसरी मैनुअल ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जायेगा | संस्था स्तर की इस दूसरी मैनुअल ओपन काउंसलिंग में सभी रिक्त सीटें बिना किसी आरक्षण के सभी पात्र अभ्यर्थियों के लिए खुली रहेंगी। सीटों का आवंटन हरियाणा एवं अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों की कॉमन मेरिट के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों के अनुसार आवेदन कर सकते है और दूसरी मैन्युअल काउन्सलिंग में भाग ले सकते है | अभ्यर्थी संभावित रिक्त सीटों का विवरण वेबसाइट www.gpambala.ac.in पर देख सकते हैं।

| S. No | Date | Event |
|---|---|---|
| 01 | 20.07.2026, 5:00 PM | Declaration of Inter-se-Merit/Rank at www.gpambala.ac.in of this institute |
| 02 | 21.07.2026, 10:00 AM | Open Counseling for Diploma Engg & Diploma Engg- Lateral Entry Courses (All seats are Open to all without any reservation) |

**अन्य महत्वपूर्ण जानकारी**

- उपरोक्त के अतिरिक्त, EWS, PM Care, Kashmiri Migrants तथा TFW श्रेणियों में भी कुछ सीटें रिक्त हैं। इन सीटों पर प्रवेश केवल संबंधित श्रेणी के पात्र अभ्यर्थियों को दिया जाएगा। पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों के अनुसार आवेदन कर सकते है | पात्रता की जानकारी के लिए HSTES की वेबसाइट www.hstes.org.in पर Diploma Prospectus 2026-27 देखें। हरियाणा सरकार की हरिहर योजना के अंतर्गत प्रवेश के लिए भी निर्धारित तिथियों के अनुसार आवेदन किया जा सकता है।
- काउंसलिंग का आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट www.gpambala.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन फॉर्म का प्रिंट एक ही पृष्ठ पर आगे-पीछे (Back to Back) लेना अनिवार्य है।

**दैनिक आधार पर प्रवेश**

यदि उपरोक्त दूसरी मैनुअल ओपन काउंसलिंग के बाद भी सीटें रिक्त रहती हैं या किसी अभ्यर्थी के संस्थान छोड़ने से सीट रिक्त होती है, तो इन सभी रिक्त सीटों को, संस्था द्वारा, दैनिक आधार पर निम्नलिखित कार्यक्रम अनुसार भरा जाएगा।

- डिप्लोमा इंजी. एवं डिप्लोमा इंजी. - लेटरल एंट्री : 23.07.2026 से 14.08.2026 तक ।
- डिप्लोमा आर्किटेक्चरल असिस्टेंटशिप : 23.07.2026 से 31.08.2026 तक ।

इन तिथियों के दौरान प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। उसी दिन प्राप्त सभी आवेदनों की मेरिट बनाकर दोपहर 3:00 बजे सीटों का आवंटन कर दिया जाएगा। यह प्रक्रिया प्रवेश की अंतिम तिथि 14.08.2026 (डिप्लोमा इंजी., *डिप्लोमा आर्किटेक्चरल असिस्टेंटशिप को छोड़कर*, एवं डिप्लोमा इंजी.-लेटरल एंट्री के लिए) व 31.08.2026 (डिप्लोमा आर्किटेक्चरल असिस्टेंटशिप के लिए) तक जारी रहेगी।

नोट: संस्थान स्तर की मैनुअल ओपन काउंसलिंग से संबंधित विस्तृत निर्देश संस्थान की वेबसाइट ww.gpambala.ac.in पर उपलब्ध हैं ।

प्रधानाचार्य